हरिभूमि वनांचल भूमि

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



# 5 किलोमीटर मैराथन में दौड़े छात्र-छात्राओं समेत नेता और अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर को खास बनाने के लिए बस्तर जिला प्रशासन द्वारा 29 से 31 अगस्त तक खेल और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 29 अगस्त को पुरुष और महिला वर्ग के लिए मैराथन का आयोजन किया गया। साथ ही पीजी कॉलेज चैक पर मैराथन आरंभ स्थल में महापौर संजय पांडे ने इस अवसर पर हर दिन शारीरिक गतिविधि और खेलों के लिए समय देने और स्वयं तथा अपने ▸▸|शेष पेज 12 पर

- अव्वल आने वालों को मिला ईनाम, बालिकाओं ने मारी बाजी
- मेजर ध्यानचंद जयंती पर मैराथन के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस का आरंभ
- जिला प्रशासन द्वारा लगातार तीन दिन तक किया जाएगा खेल गतिविधियों का आयोजन



### पंडरूराम, प्रमिला रहे अव्वल

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे से पीजी कॉलेज चैक, धरमपुरा चैक से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। महिला वर्ग हेतु 5 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई, जो पीजी कॉलेज चैक, धरमपुरा से शुरू होकर कालीपुर तक गई और वापस पीजी कॉलेज चैक धरमपुरा चैक पर समाप्त हुई। पुरुष वर्ग हेतु 10 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई, जो पीजी कॉलेज चैक, धरमपुरा से शुरू होकर तितिरगांव तक गई और वापस पीजी कॉलेज चैक, धरमपुरा चैक पर समाप्त हुई। महिला वर्ग मैराथन में प्रमिला मंडावी ने प्रथम, रुदना कश्यप ने द्वितीय और राजेश्वरी नेताम ने तृतीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग मैराथन में पंडरूराम वट्टी ने प्रथम, फूलधर नेताम ने द्वितीय और सुखराम कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### तीन दिनों तक होंगी खेल प्रतियोगिताएं

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 30 अगस्त को इंदिरा स्टेडियम के सिंथेटिक ट्रैक पर वरिष्ठ नागरिकों की 400 मीटर तेज चाल प्रतियोगिता, स्टेडियम हॉल में कराते प्रतियोगिता तथा शिक्षा विभाग की ओर से वाद-विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं 31 अगस्त को जिला पंचायत के सहयोग से साइकिल रैली व इंदिरा स्टेडियम में बालक-बालिकाओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ की एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण टाउन हॉल, जगदलपुर में किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, परिषद के सदस्य संग्राम राणा, निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, प्रभारी खेल अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं धावकगण सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खातेदारों से संवाद कर 10 ग्राहकों को दिए एटीएम कार्ड



**जगदलपुर।** आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित का औचक निरीक्षण गया। इस दौरान उन्होंने शाखा में उपस्थित खातेदारों एवं हितग्राहियों से संवाद कर बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा 10 हितग्राहियों को एटीएम कार्ड प्रदान कर उन्हें डिजिटल लेनदेन हेतु प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। निरीक्षण उपरांत विभागीय समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति का अवलोकन किया तथा सहकार से समृद्धि अभियान के अंतर्गत समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता बिनोद कुमार बुनकर सहित संभाग के सहायक आयुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित कुंवर सिंह ध्रुव, अतिरिक्त प्रबंधक एसए रजा और सभी सातों जिले के नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

### स्वास्थ्य कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल जारी



**जगदलपुर।** एनएचएम कर्मचारी संघ नियमितीकरण, सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार 12 वें दिन भी जारी रहा। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने बताया कि एनएचएम संघ बस्तर जिला के पदाधिकारियों ने गुरूवार को शहर के सर्किट हाउस में वन मंत्री केदार कश्यप, एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, विधायक किरण सिंह देव से मुलाकात कर मांगों का पृथक-पृथक ज्ञापन दिया गया। दोनों ने संघ के पदाधिकारियों को ज्ञापन में अंकित मांगों को पूरा करने के लिए संघ को आश्वस्त किया गया। कर्मचारियों के भरोसे शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जांच (खून, पेशाब, ट्रू-नाट, सीबीनाट), टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओपीडी, नवजात शिशु देखभाल, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण, ओटी, एमसीएच अस्पताल, आपातकालीन सेवाएं संचालित होती हैं। लेकिन हड़ताल के चलते ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक यह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

### राहत शिविर, भोजन और आवश्यक सामग्री का वितरण कार्य शुरू

# बाढ़ प्रभावितों के लिए बढ़े मदद के हाथ, प्रशासन जनप्रतिनिधि सहित संगठनों ने दी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

लोहांडीगुड़ा ब्लॉक में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ सामाजिक संगठनों ने भी राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। ब्लॉक में 5 जगहों पर राहत शिविर आयोजित किए गए हैं, जहां लगभग 250 लोगों के लिए दोनों समय भोजन की व्यवस्था की गई है। बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी आगे आकर योगदान दिया है। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने 50 परिवारों को बर्तन वितरित किए, वहीं सांसद महेश कश्यप ने कपड़ा और खाद्य सामग्री बांटी।

कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, रुकने की व्यवस्था, कपड़ा वितरण और स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए कपड़ा दान कार्यक्रम आयोजित कर प्रभावितों को वितरण करने की पहल की । इसके अलावा चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं रोटरी क्लब ने भी ▸▸|शेष पेज 12 पर



### बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की हुई मरम्मत

**जगदलपुर।** हाल ही में हुई लगातार बारिश से जिले की कई मुख्य सड़कों को क्षति पहुंची थी, जिससे आमजन को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई ▸▸|शेष पेज 12 पर



## बारिश से 91 गांवों में बिजली आपूर्ति हुई थी बाधित, 65 गांवों में की बहाल

**जगदलपुर।** सोमवार से हुई मूसलाधार बारिश ने बस्तर जिले में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया था। भारी बारिश के कारण जिले के 91 गांवों में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई थी। बिजली के तार और खंभे कई जगहों पर टूट गए थे। जिससे इन गांवों में अंधेरा छा गया और लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विद्युत वितरण कंपनी ने तत्काल प्रभाव से बहाली का काम शुरू कर दिया था। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिकूल मौसम की परवाह किए बिना युद्ध स्तर पर काम किया। उनके अथक परिश्रम का परिणाम यह रहा कि अब तक 65 गांवों में बिजली की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी ▸▸|शेष पेज 12 पर



# एग्जाम से पूर्व एमबीबीएस के छात्र ने हास्टल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र स्थित डिमरापाल मेडिकल कॉलेज के हास्टल में बीती रात एमबीबीएस के छात्र का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। साथी छात्र ने इसकी जानकारी अन्य छात्र व हास्टल प्रबधंन को दी। जिसके बाद शव को उतारकर अस्पताल ले जाया गया डाक्टरों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परीक्षा के अंतिम अवसर से पूर्व मेडिकल छात्र के आत्महत्या किए जाने की बात कही जा रही है। जानकारी के मुताबिक छात्र के आत्महत्या की खबर रूम मेट को तब मिली जब वह गणेश विसर्जन के बाद अपने रूप में लौटा। साथी छात्र ज्ञानेन्द्र मिश्रा 36 वर्ष पंखे पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी लगते ही परपा टीआई मोहम्मद तारिक हरिश दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

बताया जा रहा है कि ज्ञानेंद्र मिश्रा उत्तरप्रदेश के कानपुर का रहने वाला था। वह मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। मौके से पुलिस को किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। बीती रात ज्ञानेंद्र ने अपने कमरे में रात करीब 2 बजे के लगभग फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद से हॉस्टल के साथ ही कैम्पस में हड़कंप मच गया।



### एक दिन बाद था पेपर

बताया जा रहा है कि मृतक छात्र का 30 अगस्त को पेपर था इससे पूर्व ही उसने आत्महत्या कर ली। यह भी बताया जा रहा है कि वह वर्ष 2022 का स्टूडेंट था लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही थी और यह उसका आखरी चांस था। संभवतः इसी के चलते उसने जान दे दी। बहरहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### परिजनों के आने के बाद होगा पीएम

टीआई ने बताया कि घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। शनिवार को आने की उम्मीद है। शव का मरच्यूरी में रखा गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद पीएम की कार्रवाई की जाएगी।

# भैरमगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में मिला तेंदुए का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बीजापुर जिले के भैरमगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में तेंदुए का शव मिला है। तेंदुए के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुआ चार दिन से कराहता पड़ा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे माटवाड़ा से लगे अभयारण्य की पहाड़ी में तेंदुए का ग्रामीणों ने शव देखा। इसके बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद कर लिया है। इस संबंध में मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि तेंदुआ बीमार रहा, जिससे उसकी मौत हुई। वन विभाग की टीम ने उसी स्थान पर तेंदुए का शव को जला दिया गया।

### एनएमडीसी ने बाढ़ प्रभावितों को दी राहत और बचाव सामग्री

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों में लगातार तीन दिन तक हुई भारी बारिश और बाढ़ से उत्पन्न भीषण स्थिति में एनएमडीसी की छत्तीसगढ़ स्थित परियोजनाओं के द्वारा राहत एवं बचाव के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्य किया गया। दंतेवाड़ा में हुई भीषण तबाही के उपरांत एनएमडीसी की परियोजनाओं ने बाढ़ एवं भारी बारिश से प्रभावित जन-जीवन को पुनः सामान्य बनाने की दिशा में योगदान करते हुए बाढ़ राहत सामग्री के रूप में 8000 नग राशन सामग्री एवं भोजन सामग्री दंतेवाड़ा जिला प्रशासन को प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले में लगातार भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए और न केवल आम जनजीवन व्यापक रूप से प्रभावित हुआ साथ ▸▸|शेष पेज 12 पर



# ड्रोन सर्वे से तैयार होगा सटीक नक्शा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना नक्शा प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत राज्य के तीन नगर निगम जगदलपुर, धमतरी एवं अंबिकापुर का चयन पायलट प्रोजेक्ट हेतु किया गया है। इस योजना के प्रथम चरण में सर्वे ऑफ इंडिया के द्वारा ड्रोन सर्वे कर सटीक नक्शा तैयार कर नगर निगमों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी कड़ी में नक्शा प्राप्त होने से पूर्व जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र को 23 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। ▸▸|शेष पेज 12 पर

### स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सोमानी और सचिव संजय पाण्डे बने

# जीवन के हर क्षेत्र में स्वदेशी का उपयोग बढ़ाएं : केदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर में 1 से 8 अक्टूबर तक लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत का आयोजन होगा। जहां स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को एक बड़ा बाजार मिलेगा। साथ ही बस्तर की कला-संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी प्राप्त होगा। मेला आयोजन की घोषणा बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में हुई। ब्रोशर विमोचन के साथ ही समिति गठन की घोषणा की गई।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा, स्वदेशी आज देश की प्रथम आवश्यकता है। हमें प्रयास करना चाहिए कि जीवन के हर क्षेत्र में स्वदेशी का उपयोग बढ़ाएं और राष्ट्र को मजबूत करें। विधायक किरण सिंह देव ने इसे आर्थिक युद्ध के खिलाफ देश का हथियार बताया। सीमा पर सैनिक लड़ते हैं, लेकिन आज देश के भीतर आर्थिक मोर्चे पर लड़ाई हमें लड़नी है। इसके लिए स्वदेशी अपनाना ही होगा। महापौर संजय पाण्डे ने आयोजन को विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ा। उन्होंने कहा यह मेला न केवल व्यापार को दिशा देगा, बल्कि राष्ट्रहित और समाजहित को ध्यान में रखते हुए आर्थिक नीतियों को भी मजबूत करेगा।



यह आयोजन बस्तर के उन कारीगरों और उद्यमियों के लिए वरदान साबित होगा, जिन्हें अब तक अपने उत्पादों को केवल स्थानीय बाजार तक सीमित रखना पड़ता था। मिट्टी, लकड़ी, लोहा, हस्तशिल्प, तांबे-पीतल की कला, बस्तर की बुनाई और आदिवासी उत्पाद इस मेले के माध्यम से पूरे देश में पहचान बनाएंगे। संपूर्ण आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए समितियों का गठन हुआ। जिसमें स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सोमानी, सचिव संजय पाण्डे, संयोजक किशोर पारख, सह संयोजक लक्ष्मण झा, देवेन्द्र देवांगन महिला प्रमुख आशा डोडिया, सह महिला प्रमुख कल्पना शर्मा की घोषणा की गई। मंच संचालन अप्रतिम झा ने किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, प्रान्त संयोजक स्वदेशी जागरण मंच जगदीश पटेल, प्रांत संपर्क प्रमुख सुब्रत चाकी स्वदेशी जागरण मंच के प्रान्त पूर्ण कालिक शंकर त्रिपाठी, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, राणा घोष, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, महेन्द्र कांत संघाणी, पंकज बोथरा, प्राची गर्ग, कौशिक शुक्ला, नवरतन जलोटा, ऋषि हेमानी, बी जयराम, पंकज सिंघल, राजकुमार दंडवानी, धरमचंद शर्मा, अनिल पटेल, रोहित सिँह बैस, निशांत नाहटा, गजेंद्र चांडक, भूमिका साहा, वर्षा सोनी, अभिषेक झा, रोशन सिसोदिया, पारुल बोथरा, गायत्री बघेल, यशवर्धन राव, चंद्रेश चांडक, झरना मोहन्ति, अनुपमा चौकसे, ममता राणा, हेमलता नायक, हितप्रीता ठाकुर उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा से आक्रोशित भाजपा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- जताया विरोध, जमकर की नारेबाजी

बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस के मंच से कांग्रेसियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित भाषा व गाली का प्रयोग करने की घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज राहुल गांधी का पुतला फूंका । वहीं जमकर नारेबाजी की। गोलबाजार चौराहे में पुतला जलाया गया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र कभी नहीं बदल सकता। स्तरहीन राजनीति पर उतर आयी है प्रधानमंत्री पर अमर्यादित भाषा व गाली की घटना सत्ता से दूर हो रही कांग्रेस की हताशा है। पुतला दहन करने के दौरान महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, ▸▸|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### हाईस्कूल पेंड्रावन में लगा चलित थाना

**फरसगांव/केशकाल।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर विश्रामपुरी थाना पुलिस ने गुरुवार को ग्राम पेंड्रावन के हाई स्कूल में चलित थाना का आयोजन किया। विश्रामपुरी थाना प्रभारी विनोद कुमार नेताम ने चलित थाना के माध्यम से स्कूली में उपस्थित बच्चों को नए कानून के बारे में, ऑनलाइन साइबर ठगी, एटीएम ठगी, महिला अपराध, बाल अपराध, पॉक्सो एक्ट, यातायात नियमों की जानकारी, नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही नशे से दूर रहने कहा गया। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वालंटियर के द्वारा उपस्थित लोगों को कानून संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता होगी आज

**कोण्डागांव।** सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। जिसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय दल शामिल होंगे। राज्य शासन के निर्देशानुसार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जनजागरूकता के लिए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के नेतृत्व यह आयोजन किया जा रहा है।

### आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज की बैठक कल

**सिर्री।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज तहसील कुरुद की बैठक 31 अगस्त को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सामुदायिक भवन ग्राम सिर्री में दोपहर 12 बजे से रखी गई है। बैठक एजेंडा सामाजिक नियमावली का पाठन एवं प्रकाशन हेतु अंतिम रूप एवं रसीद बुक वितरण, पाली, परिक्षेत्र का दो वर्ष का सामाजिक गतिविधियों एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। समाज के अध्यक्ष ललित ठाकुर एवं झागेश्वर ध्रुव पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कुरूद, फलेंद्र ध्रुव, तहसील महासचिव पोखराज नेताम परिक्षेत्र सचिव, तेजराम छेदैया कार्यवाहक अध्यक्ष तहसील कुरूद ने समस्त सामाजिक बंधुओं से ग्राम सिर्री के बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

**धमतरी।** सोंढूर बांध घूमकर वापस लौट रहे ट्रिपल सवार युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर खम्भे से टकरा गई। घटना में एक युवक की मौत हो गई है वहीं दो युवक घायल हो गए हैं। अस्पताल पुलिस व परिजनों के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम केकराखोली निवासी भानूराम मरकाम पिता शंकरलाल उम्र 23 वर्ष गांव के अपने दो साथी चिंता मंडावी व सुरेश यादव के साथ बुधवार को बाइक से घूमने के लिए सोंढूर बांध गया था। शाम को तीनों बाइक से वापस अपने गांव केकराखोली लौट रहे थे। इसी दौरान नगरी क्षेत्र के ग्राम लीलांच के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खम्भे से टकरा गई। घटना में भानूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दो युवकों को भी चोट लगी है। घायलों को उपचार के लिए नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां भानूराम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे धमतरी रिफर कर दिया गया। घायल को जिला अस्पताल लाया गया।

# तालाब परिसर में रेत का भंडारण बना विसर्जन में बाधा, विधायक ने दिए हटाने के निर्देश

## गणेश विसर्जन से पहले रेत नहीं हटी तो श्रद्धालुओं को हो सकती है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के ऐतिहासिक भीमा तालाब में सौंदर्यकरण कार्य के नाम पर ठेकेदार द्वारा की गई लापरवाही अब नगरवासियों की परेशानी का कारण बन रही है। तालाब परिसर के मुख्य मार्ग पर ठेकेदार ने बड़ी मात्रा में रेत डंप कर रखी है, जिससे न केवल स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है, बल्कि गणेश चतुर्थी के दौरान प्रतिमाओं के विसर्जन में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। बुधवार को तालाब में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पहुंचे केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया और नगर पंचायत सीएमओ को रेत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जैसे ही बारिश थमे, सौंदर्यकरण कार्य में तेजी लाई जाए और विसर्जन से पूर्व परिसर को व्यवस्थित किया जाए। फरसगांव भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव ने भी रेत के भंडारण की समस्या को विधायक के समक्ष उठाया था। भीमा तालाब परिसर में सुबह और शाम के समय बड़ी संख्या में लोग सैर के लिए आते हैं, लेकिन रेत के ढेरों के कारण उनका मार्ग बाधित हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डेढ़ महीने से बारिश के कारण निर्माण कार्य बंद पड़ा है, इसके बावजूद पूरे परिसर में भारी मात्रा में रेत फैली हुई है। इससे प्रतीत होता है कि ठेकेदार ने परिसर को अस्थायी गोदाम बना लिया है।



### विसर्जन के लिए मुख्य स्थल पर बाधा

नगर में स्थापित अधिकांश गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हर वर्ष भीमा तालाब में ही किया जाता है। तालाब जाने वाले मुख्य मार्ग पर रेत का भंडारण होने से विसर्जन के समय मूर्तियों को लाने-ले जाने में बाधा उत्पन्न होगी। यदि समय रहते रेत नहीं हटाई गई, तो श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नगर पंचायत सीएमओ ने कहा है कि संबंधित ठेकेदार को तत्काल रेत हटाने का निर्देश दिया जाएगा।

## अबूझमाड़ में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता

# मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में हथियार विस्फोटक व नक्सल साहित्य बरामद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

पुलिस और सुरक्षा बलों को संयुक्त नक्सल विरोधी माड़ बचाव अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। नारायणपुर थाना कोहकामेटा क्षेत्र के अबूझमाड़ जंगल में हुई मुठभेड़ के बाद जवानों ने भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और नक्सल साहित्य बरामद किया।

पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान माओवादी अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। जवानों की जवाबी कार्रवाई से वे जंगल और नालों का सहारा लेकर भाग निकले। इसके बाद की गई सर्चिंग में एलएमजली, एके 47 त्रिची, इंसास, एसएलआर, स्टेनगन, पिस्टल, भरमार बंदूक सहित 100 से अधिक हथियार और बीजीएल लांचर, ग्रेनेड, डेटोनेटर, जीपीएस सेट, रिमोट स्विच जैसी सामग्री बरामद की गई।

अभियान का नेतृत्व आईजी बस्तर सुन्दरराज पी, डीआईजी कांकेर अमित तुकाराम काम्बले और एसपी नारायणपुर रोबिनसन गुड़िया के मार्गदर्शन में किया गया।

**नक्सलियों के पास आत्मसमर्पण के अलावा कोई विकल्प नहीं: आईजी**

एसपी रोबिनसन गुड़िया ने कहा कि अबूझमाड़ के निवासियों को नक्सल विचारधारा से मुक्त कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही पुलिस का उद्देश्य है। वहीं आईजी सुन्दरराज पी. ने कहा कि 2025 में माओवादियों को गहरी क्षति पहुँची है, अब उनके पास हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस कार्रवाई से माओवादियों को भारी रणनीतिक नुकसान हुआ है। यह साफ संदेश गया है कि अब माड़ का कोई भी क्षेत्र नक्सलियों के लिए सुरक्षित नहीं है।

# सूक्ष्म खाद्य उद्योग को बढ़ावा देने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत आज जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में खाद्य पदार्थोंर् के निर्माण के लिए उद्योग स्थापना को प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में बड़ेराजपुर ब्लॉक के स्व सहायता समूहों और विभिन्न ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों को योजना के तहत उद्योग स्थापना के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोण्डागांव की प्रबंधक कुसुमलता नेताम और सहायक प्रबंधक नम्रता एल्मा के नेतृत्व में किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यशाला में जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.एल. देवांगन, डीपीएम टिकेन्द्र हिरवानी, मांझिनगढ़ कम्पनी की याशिका शरार्डे, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक विश्रामपुरी के शाखा प्रबंधक संदीप सरकार और डीआरपी केशकाल रामेश्वरी मरकाम उपस्थित रहे।

# पातरीपारा में जगह जगह विराजे गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केरागांव के आश्रित ग्राम पातरीपारा में बीते दिनों पंडालों में विराजे गणेश जी अंचल में भी धुमधाम के साथ मनाया गया गणेश चतुर्थी पर बुधवार को पड़ालों में गणपति बप्पा जगह–जगह सजे पूजा पंडालों में विराजमान किया गया। पहले दिन की शुरुआत पूजा गणपति बप्पा की पूजा कर की गई। इससे ग्रामीण इलाकों में गणेशोत्सव की धूम रही। श्रद्धालु गणपति की आराधना में डूब गए। श्रद्धालुओं ने भोग के रूप में मोदक, केला, सेव, बतासा व लाची दाना चढ़ाए। जिसमें युवा गणेश समिति पातरीपारा के सदस्य कीर्तन भजन करते हुए नजर आए इसी तरह बासकोट, लिहागांव में भी धुमधाम के साथ गणेश चतुर्थी पर्व मनाया गया। जिसमें गांव के श्रद्धालु भक्त पुजारी राम कुमार मरकाम, छबिलाल, मंदि राम, नाथूराम, नोहर लाल, महेश, रामलाल, जशवीर, श्रवण, गोरशु, आदि मौजूद रहे।

# तय सीमा से अधिक शुल्क लेने वाले चॉईस सेंटर संचालकों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माणी एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। इसके तहत पंजीकृत श्रमिकों के विशेषकर नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना और नोनी सशक्तिकरण सहायता योजनाएं चल रही हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जाता है, अधिकतम ऑनलाईन आवेदन सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से प्राप्त होते हैं।

इस सबंध में श्रमायुक्त सह श्रम सचिव के द्वारा जारी निर्देश के तहत कतिपय सीएससी संचालकों द्वारा श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में श्रमिकों के पंजीयन, योजना आवेदन विभागीय पोर्टल में करने हेतु विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल की जा रही है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन पोर्टल में श्रमिक पंजीयन आवेदन हेतु 30 रूपये तथा योजना आवेदन हेतु 20 रुपये शुल्क निर्धारित है, जबकि कुछ सीएससी संचालकों के द्वारा पंजीयन, योजना आवेदन करने हेतु श्रमिकों से 1000-1500 रूपये तक लिया आ रहा है।

श्रमायुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी च्वाईस सेंटर संचालकों को श्रमिक पंजीयन, योजना हेतु निर्धारित शुल्क ही लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि अधिक शुल्क लेने पर जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी एवं मंडल स्तर पर समय-समय पर निगरानी की जाएगी। शिकायत मिलने पर संबंधित चॉईस सेंटर संचालक पर विधिवत कार्यवाही की आयेगी। जिला स्तर पर कलेक्टर के संज्ञान में प्रकरण लाया जाकर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी श्रम पदाधिकारी को दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एवं चॉईस सेंटर संचालकों के साथ नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। पोर्टल पर दर्ज श्रमिक पंजीयन एवं आवेदन की स्वीकृति, निरस्तीकरण की जानकारी भी रेण्डम आधार पर जांची जाएगी। पंजीयन एवं योजना आवेदन की स्थिति से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा। श्रमिकों, हितग्राहियों को श्रमेव जयते मोबाईल एप के माध्यम से जागरूक किया जायेगा।

### ईरागांव स्कूल की 17 छात्राओं को मिली सरस्वती सायकिल

**दुर्गुकोंदल।** हाई स्कूल ईरागांव में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 17 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रिया दुष्यंत वाड़िवा एवं प्राचार्य बिरेंद्र रावटे, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्कूल के दस्तावेजों, शिक्षक प्रशिक्षण और अन्य शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता की जांच की। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये संसाधन जरूरतमंद छात्रों तक पहुंचे, विशेष व्यवस्था की गई। इस अवसर पर स्कूल के कर्मचारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस आयोजन में भाग लिया। यह निरीक्षण न केवल शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि छात्राओं को सशक्त बनाने और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बेटी के जन्मदिन पर स्कूल में पिता ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन के तहत ग्राम बुनागाँव की जनपद प्राथमिकध्उच्च प्राथमिक शाला में छात्र जानवी कौशिक के जन्म दिवस पर उनके पिता रविन्द्र कौशिक द्वारा शानदार न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को खीर–पूड़ी समेत विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन और मिष्ठान परोसा गया। विद्यालय परिवार और बच्चों ने भोजन का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम को खास बनाने के लिए छोटा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। ख्याती, लीना और तमन्ना ने गीत और कविताएँ सुनाकर सबका मन मोह लिया। दाक्षी, याचना और सुलोक ने मंच संचालन कर खूब वाहवाही बटोरी।शिक्षक सूरज नेताम ने बताया कि शासन की योजना के तहत अभिभावक, जनप्रतिनिधि या सम्मानित नागरिक विभिन्न अवसरों पर विद्यालय में बच्चों के लिए न्योता भोजन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बुनागाँव स्कूल में हर माह किसी न किसी दानदाता द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोजन आयोजित किया जा रहा है, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।

### जहर सेवन से वृद्ध की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बकली निवासी गोविन्दराम साहू पिता साधुराम उम्र 62 वर्ष बुधवार को घर में अकेला था। इसी दौरान वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सवेन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर वृद्ध को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गए। जहां से धमतरी लाकर मसीही अस्पताल में भर्ती कराए थे। अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई है।

## पेज 11 के शेष

### 5 किलोमीटर मैराथन...

परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को भी शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई, ताकि भारत को एक फिट राष्ट्र बनाया जा सके। उन्होंने इसके पश्चात हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा हॉकी के जादुगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया गया यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बाढ़ प्रभावितों के लिए बढ़े...

जरूरतमंदों के बीच कपड़े वितरित कर राहत कार्यों में सहयोग दिया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि सभी प्रभावितों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और किसी को भी परेशानी न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावितों का हुई क्षति का राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर आर्थिक सहायता राशि वितरण राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा ।

### बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों ...

करते हुए सड़कों की मरम्मत शुरू कर दी। प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों का चिन्हांकन कर गड्ढों को भरवाया गया और आवागमन को सुचारु बनाया गया। प्रमुख मार्गों में जगदलपुर-दंतेवाड़ा मार्ग, कोडेनार-लोहंडीगुड़ा मार्ग सहित अन्य रास्तों की मरम्मत कर यातायात बहाल किया गया है। इसी क्रम में लोहंडीगुड़ा से मांदर-आंजर मार्ग को भी सुधार कर लोगों के लिए सुगम बना दिया गया है। सबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ और बारिश से क्षतिग्रस्त अन्य मार्गों को भी प्राथमिकता से ठीक किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों और आम नागरिकों को यातायात में किसी भी तरह की समस्या न हो।

### बारिश से 91 गांवों में...

गई है। इनमें मांदर गांव भी शामिल है, जहाँ बिजली बहाल होने से ग्रामीणों ने राहत की साँस ली है। हालांकि, अभी भी 26 गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित है। ये ऐसे गांव हैं जहाँ बारिश और भूस्खलन के कारण मरम्मत कार्य में बाधा आ रही है। विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की टीमें इन दुर्गम क्षेत्रों में भी पहुंच चुकी हैं और वे जल्द से जल्द बिजली बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं। इस बीच जिला प्रशासन ने भी प्रभावित गांवों में आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए कदम उठाए हैं। लोगों से धैर्य रखने और सुरक्षित रहने की अपील की गई है।

### एनएमडीसी ने बाढ़ ...

ही इस अवधि में जन-धन की भी हानि हुई। ऐसी स्थिति में एनएमडीसी द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर किए गए इन राहत एवं बचाव प्रयासों एवं योगदान से जिले के प्रभावित क्षेत्रों के हालात को सामान्य करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

### ड्रोन सर्वे से तैयार होगा...

जिसमें राजस्व विभाग एवं नगर निगम के 46 कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गई। इन कर्मचारियों का प्रशिक्षण 18 अगस्त से 23 अगस्त तक नगर निगम के सभागार में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वे ऑफ इंडिया,उपायुक्त भू-अभिलेख रायपुर तथा एमपी एसईडीसीएल से मधु हर्ष देवांगन एवं दीपचंद भारती द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

**ये रहे उपस्थितः** प्रशिक्षण के शुभारंभ में महापौर संजय पांडेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा एवं एमआईसी के सदस्यगण निर्मल पानीग्राही,लक्ष्मन झा, सुरेश गुप्ता, राणा घोस, योगेंद्र पांडेय, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर,स्वेता बघेल व पार्षदगण एवं आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित राजस्व अधिकारी विनय श्रीवास्तव, सहायक भू अधीक्षक बृजभूषण देवांगन, कुलदीप पाणिग्रही एवं अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा से...

योगेन्द्र पाण्डेय, नरसिंह राव, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, शशि नाथ पाठक, योगेश शुक्ला, दशरथ गुप्ता,आशा साहू, ब्रिजेश शर्मा, संग्राम सिंह राणा सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महिला समूह करेंगी 1000 पौधों की देखभाल, 450 पौधे रोपे

# कोंडागांव में वूमेन फॉर ट्री योजना का हुआ शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केंद्र और राज्य सरकार की पहल पर, आज नगर पालिका परिषद में वूमेन फॉर ट्री योजना का शुभारंभ किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और विधायक सुश्री लता उसेंडी ने इस योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत, स्व–सहायता समूह की महिलाएं पौधारोपण और उनकी देखभाल का काम करेंगी। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और एक पेड़ माँ के नाम अभियान को बढ़ावा देना है। योजना के पहले दिन ही, बँधापारा स्थित ऑडिटोरियम और स्विमिंग पूल परिसर के पास लगभग 480 पौधे लगाए गए। नगर पालिका परिषद कोंडागांव को 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है, जिसे 31 अगस्त तक पूरा किया जाना है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, दीपेश अरोरा और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विधायक सुश्री उसेंडी ने बताया कि इस योजना के लिए दो महिला स्व–सहायता समूहों का चयन किया गया है, जिनमें प्रत्येक में पाँच सदस्य हैं। हर सदस्य को 100 पौधे लगाने और एक साल तक उनकी देखभाल करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए महिलाओं को मानदेय के रूप में 8,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

# विधायक ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर कपडे, कंबल व राशन सामान दिए

**बाढ़ त्रासदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जिले में अतिवर्षा के जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं और लोग राहत शिविर में रहने को मजबूर हैं।

विधायक चैतराम अटामी गीदम ब्लॉक के बारसूर, हितामेटा, मांडेर नाला, समलूर, बिन्जाम, सियानार, बड़े तुमनार, बांगापाल, फुंडरी गीदम हारम के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे एवं पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद प्रदाय करने की बात कही। तत्पश्चात राहत शिविर पहुंचे और निरिक्षण कर मुलभुत सुविधाएं तत्काल प्रदाय किये जाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर निर्देशित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुडामी, पार्षद विनोद साहू, जसबीर नेगी समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### हर संभव मदद मिलेगी : अटामी

विधायक चैतराम अटामी ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं हालचाल जाना। विधायक ने कल भी जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया था। उन्होंने वहां की स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासन को राहत एवं सुरक्षा व्यवस्था में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। भारी बारिश से जब दंतेश्वरी मंदिर के आसपास का क्षेत्र व हारम ग्राम जब पूरी तरह टापू में तब्दील हो गया था, उस वक्त सुबह से देर रात तक विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर वासियों व ग्रामीणों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों तक पहुंचाया। राहत शिविर में ठहरे ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी और किसी भी पीड़ित को असुविधा नहीं होने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कपडे, कंबल एवं राशन सामग्री आदि का वितरण किया।

## खबर संक्षेप



भानपुरी। करनदोला में विराजे गणपति।

### मदद के लिए बढ़े हाथ



**लोहंडीगुड़ा।** लोहंडीगुड़ा क्षेत्र में अतिवृष्टि से आई बाढ़ ने ग्राम पंचायत मांदर, पारापुर और नेगानार के कई ग्रामीणों को प्रभावित किया है। संकट की इस घड़ी में प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, व्यापारी और आम नागरिक भी आगे आकर राहत कार्यों में योगदान दे रहे हैं। जिससे जैसी मदद संभव हो रही है चाहे भोजन, कपड़े, दवाई या आर्थिक सहयोग लोग स्वेच्छा से उपलब्ध करा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चल रही यह सामूहिक पहल प्रभावित परिवारों के लिए बड़ी राहत बन रही है।

### पोटाकेबिन पाकेला में बच्चों का प्रदर्शन हुआ शांत



**सुकमा।** पोटाकेबिन पकेला में पूर्व में पदस्थ अधीक्षक को हटाए जाने के विरोध में बच्चों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल और समझाईश से शांत करा दिया। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को पोटाकेबीन पाकेला के छात्रों ने अधीक्षक को हटाने के विरोध में पोटाकेबिन के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया था। बच्चों को समझाने के लिए मौके पर पहुंचे जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने उनकी बातें सुनीं और आश्वासन दिया कि उनकी शिक्षा व्यवस्था किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं होगी। प्रशासन की समझाईश के बाद बच्चों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। स्थिति सामान्य होने के पश्चात एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस और तहसीलदार इरशाद अहमद ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया। इससे न केवल बच्चों का उत्साह बढ़ा, बल्कि प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच आपसी विश्वास भी मजबूत हुआ।

## विधायक ने ग्राम पंचायत क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# बुनियादी ढांचे को हुआ 1000 करोड़ से अधिक का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल ने क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों का सघन दौरा किया और वहां की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीण अंचलों में भारी बारिश एवं प्राकृतिक आपदाओं से हुए व्यापक नुकसान का जायजा लिया।

■ क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर ग्रामीणों की पीड़ा को जाना

ग्राम पंचायतों में टूटे हुए आवागमन मार्ग, क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया, ध्वस्त सड़कें और अवरुद्ध रास्तों को देखकर गहरी चिंता व्यक्त की। क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उन्होंने ग्रामीणों की पीड़ा को जाना और समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार, क्षेत्र में हुए इस बुनियादी ढांचे के नुकसान की अनुमानित लागत 1000 करोड़ रुपए से अधिक आंकी जा रही है। विधायक गोयल ने कहा चित्रकोट विधानसभा का हर नागरिक मेरी प्राथमिकता है। मैं सरकार एवं प्रशासन से आग्रह करूंगा कि इस आपदा को विशेष परिस्थिति घोषित कर अधिकतम राहत और पुर्ननिर्माण सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित क्षेत्रों के पुर्नविकास के लिए विशेष पैकेज की मांग राज्य सरकार से की जाएगी ताकि प्रभावित क्षेत्रों में यातायात पुनः सुचारू हो सके और जनजीवन सामान्य स्थिति में लौटे।

इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। जिन्होंने विधायक को क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया।

विधायक ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो और हर ग्राम पंचायत में त्वरित सर्वे कर बहाल कार्य प्रारंभ किए जाएं। यह दौरा न केवल एक औपचारिकता था, बल्कि जनता के साथ आत्मीयता से जुड़े एक जनसेवक का प्रयास था, जो चित्रकोट के चहुंमुखी विकास हेतु सतत संकल्पित है।

### केंद्रीय प्रभारी अधिकारी आकांक्षी जिला का प्रवास



**बीजापुर।** केंद्रीय प्रभारी अधिकारी आकांक्षी जिला अन्बलगन पी ने बीजापुर प्रवास के दौरान आकांक्षी ब्लॉक उसूर का भ्रमण करते हुए उसूर ब्लॉक के आदर्श कृषक सुप्रीयम एक्का के कृषि कार्यों का अवलोकन किया। दुगईगुड़ा निवासी सुप्रीयम एक्का कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, क्रेडा एवं पशुपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर अपने साढ़े तीन एकड़ कृषि भूमि से बागवानी फसल, धान, मत्स्य पालन सहित कड़कनाथ मुर्गी पालन का कार्य कर रहा है। उन्हें विभिन्न विभागों से डीजल पंप, कुआं, किसान क्रेडिट कार्ड, नलकूप खनन, स्प्रिंकलर एवं ड्रीप, सोलर प्लेट, उड़द बीज, भिंडी, ग्राफ्टेड, बैगन, टमाटर, बरबटी, बीज वितरण किया गया। वर्तमान में भिंडी, करेला, तोरई, बरबट्टी, देशी किस्म के खेखसी सहित विभिन्न बागवानी फसलों के उत्पादन से आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर हैं। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अन्बलगन पी ने उनके फसल उत्पादन बाजार एवं आर्थिक गतिविधियों की जानकारी लेकर मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## संयुक्त संचालक ने पेयजल व्यवस्था बहाली करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर में आये बाढ़ त्रासदी से मांढर नाला में बाढ़ से पुल बहने के कारण इनटेक वेल से डब्लूटीपी तक बिछाये पाइप लाइन नाला के पास क्षतिग्रस्त हो गया जिसके कारण नगर में पेयजल व्यवस्था चरमरा गयी। नगर में आये बाढ़ के कारण नगर पंचायत बारसूर में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प है। नगर में पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक जयंत सिंहा बारसूर पहुंचकर बहाली हेतु विशेष निर्देश तकनीकी अमले को दिए गए और आवश्यक जानकारी ली गई है।

मामले को गंभीरता से लेकर नल जल अधिकारी कर्मचारी को वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 3 बोर प्वाइंट में मोटर पंप स्थापित कर और 1 कुएं में मोटर स्थापित कर पाइप लाइन से जोड़कर पानी सप्लाई के कार्य जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए गए साथ ही पीडीएमसी टीम को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक जयंत सिंहा सतत निगरानी बनाए हुए है।

इस दौरान सहायक संचालक पुरानिक सिंह ध्रुव, बारसूर नगर पंचायत की अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, बारसूर सीएमओ गिरीश तिवारी, नगर पंचायत गीदम के सीएमओ हुलसी प्रधान एवं नगर पंचायत गीदम के अभियंता मुकेश कोर्राम बारसूर के अभियंता गिरजा शंकर परते, पवन ध्रुव लेखापाल, अंकित जैन, राजेश पुजारी एवं समस्त नल जल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नुआखाई हमें मातृभूमि और अपनी जड़ों से जोड़ता है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने शुक्रवार को अपने गृहग्राम गिरोला पहुंचकर सहपरिवार पारंपरिक नुआखाई पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम अपने घर की कुलदेवी माता हिंगलाजिन की पूजा-अर्चना कर परिवार और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

■ विधायक ने गृहग्राम गिरोला में मनाया नुआखाई पर्व

पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने नई फसल का अन्न ग्रहण कर नुआखाई पर्व की परंपरा का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि नुआखाई केवल एक त्योहार ही नहीं बल्कि यह बस्तर की संस्कृति और किसानों की मेहनत का प्रतीक है। यह पर्व हमें मातृभूमि और अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा सबको नुआखाई की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और ग्रामीणों की खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है तथा परंपरागत त्योहारों के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेगा।

# शाला में मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विकासखंड बस्तर स्थित माध्यमिक शाला कुड़कानार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आज एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 5वीं से 8वीं तक की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को केनरा बैंक, घाट पदमूर शाखा द्वारा प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए और उनके बचत खातों में राशि जमा की गई। विशेष उपलब्धि के रूप में कक्षा 8वीं की छात्रा ज्योति कश्यप, पुत्री महेश कश्यप, ने संकुल स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मान प्राप्त करने वाली अन्य छात्राओं में अनीता कश्यप, गंगोत्री बघेल एवं सरस्वती बघेल को 3 हजार , ज्योति कश्यप एवं रानू नाग को संयुक्त रूप से 5 हजार प्रदान किए गए। इन सभी को श्रीराम तिवारी, शाखा प्रबंधक, केनरा बैंक घाट पदमूर द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एक शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित छात्राओं, अभिभावकों व अधिकारियों को नारी सशक्तिकरण, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई।

इस विशेष अवसर पर ग्राम पंचायत कुड़कानार की सरपंच सामो कश्यप, उपसरपंच हेमनाथ पटेल, संकुल शैक्षिक समन्वयक आयतू राम पांडे, प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दया राम बघेल, सदस्य भुवनेश्वर ठाकुर, राम बती बघेल, पीलू राम कश्यप, एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। इस आयोजन का उद्देश्य नारी शिक्षा को प्रोत्साहन, छात्राओं में आत्मविश्वास का संचार तथा समाज में बेटियों की सशक्त भूमिका को बढ़ावा देना रहा।

# प्रभारी सचिव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बस्तर संभाग में लगातार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई जिसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का समीक्षा कर जिले के प्रभारी सचिवों को वस्तुस्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं।

उक्त निर्देश के अनुपालन में बीजापुर जिले के प्रभारी सचिव डॉ. सारांश मित्तर ने बीजापुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों से मिले। बीजापुर जिले में भैरमगढ़ क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुआ है जिसमें ग्राम सुरोखी के 18 परिवार प्रभावित हुए हैं जिसे राहत शिविर में जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बाढ़ से सुरोखी गांव के 18 परिवार के सभी घर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो चुके है। प्रभारी सचिव ने पीड़ित परिवारों से मिलकर शासन द्वारा हर संभव मदद समय-सीमा में उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किए वहीं ग्रामीणों से गांव की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर बाढ़ से हुए नुकसानो की जल्द भरपाई करने का भरोसा दिलाया जिसमें सोलर ड्युल पंप को साफ सफाई कराने शुद्ध पेय जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने ग्रामीणों की मांग पर सड़क की मरम्मत कार्य कराने की बात कही मौके पर मौजूद मेडिकल टीम से स्वास्थ्य जांच के बारे में जानकारी ली। डॉ. मित्तर ने राहत शिविर में मौजूद महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा को विशेष ध्यान रखने को कहा। वहीं प्रभावित सभी परिवारों को भी एक दूसरे की मदद कर परस्पर सहयोग की भावना से रहने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा ने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद दिए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ से नुकसान का सर्वे भी पूर्ण करा लिया गया है जल्द ही आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा राशि स्वीकृत करने की बात कही। मौके पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच ,उपसरपंच गांव के वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

### जिले के प्रवास पर रहेंगे प्रभारी सचिव

**सुकमा।** सुकमा जिले के प्रभारी सचिव श्याम लाल धावड़े 30 अगस्त को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले में संचालित शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करेंगे।



यह दौरा जिले में तेजी से और गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। बैठक में विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे और योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि सचिव धावड़े का यह प्रवास जिले की प्राथमिकताओं को मजबूती देने और आमजन तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध पहुँचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण होगा।

### राहत शिविर...



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन तथा निकाय अमले के साथ स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम हाई स्कूल आवरा भाटा प्राचार्य श्रीमती सुनीता गोस्वामी ने बाढ़ राहत कार्य के भोजन व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

### शनिवार सुबह स्कूल होने पर होगा सर्वांगीण विकास

**गीदम।** शनिवार को शालाएं पूर्व की तरह सुबह ही लगे मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री से शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्धेश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना होता है न कि केवल किताबी ज्ञान देना। पाठ्य विषयों की शिक्षा के साथ बच्चों को शारीरिक शिक्षा, मानसिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, व्यवहारिक शिक्षा, कौशल शिक्षा, स्वावलंबन की शिक्षा आदि भी देना आवश्यक होता है तभी हम भावी पीढ़ी को सुशिक्षित, सुसंस्कृत और सशक्त देशभक्त नागरिक बना सकते हैं। व्यायाम से शरीर मजबूत होता है, योग और प्राणायाम से शरीर संतुलित होता है और निरोग रहता है तथा मानसिक शक्ति का विकास होता है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग, प्राणयाम और व्यायाम को स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल कराया है। उपरोक्त गतिविधियों के लिए सुबह का समय ही अनुकूल होता है।

# वन महोत्सव में 200 पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अनुसंधान एवं विस्तार वनमंडल तथा सामाजिक वानिकी वनमंडल द्वारा जिला स्तरीय एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत वन महोत्सव गुरूवार को ग्राम जामावाड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शाला परिसर में किया गया।

■ महोत्सव में शामिल हुए स्कूली बच्चे व ग्रामीण

विद्यालय प्रांगण हरे-भरे पौधों से आच्छादित हो गया और छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय नागरिकों ने बड़े उत्साह से भागीदारी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल एवं बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी उपस्थित रहे। इसके साथ ही मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन मंडलाधिकारी श्रीमती शमा फारूकी, उत्तम कुमार गुप्ता, सहायक वन संरक्षक दिलीप कुमार सिन्हा, परिक्षेत्र अधिकारी मोहम्मद सलीम एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सदस्य, सरपंच-उप सरपंच, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं हितग्राही भी उपस्थित रहे। वन महोत्सव के अंतर्गत 200 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें कपूर, रूद्राक्ष, आम, चीकू, मौलश्री, आंवला, कटहल, बेल, अनार और जामुन जैसी प्रजातियां शामिल थीं। किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत चयनित 23 हितग्राहियों को 2 लाख 54 हजार 326 रुपए की प्रोत्साहन राशि डमी चेक के माध्यम से वितरित की गई।

लाभान्वित हितग्राहियों ने शासन एवं विभाग के प्रति आभार जताया। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण का आयोजन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण का संकल्प है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और इनके संरक्षण से ही स्वच्छ वायु, जलवायु संतुलन और हरित भविष्य संभव है। इस महोत्सव को एक दिन का कार्यक्रम न मानकर इसे जनआंदोलन का रूप देना होगा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 18/अ-6/2024-25

**-: उद्घोषणा :-**

एत्तद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शशिकिरण दुबे पति अवधेश चन्द्र दुबे निवासी आमागुड़ा पटेलपारा नगरनार जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. द्वारा मोहल्ला डोकरीघाटपारा स्थित भूमि शीट 75 प्लाट न. 77/2 क्षेत्रफल 4670 वर्गफुट, भू-भाटक 0.00 रुपये की भूमि खातेदार रमेशचन्द्रधर दुबे पिता बालाप्रसाद दुबे एवं अन्य 04 सहखातेदार के नाम पर नजूल अभिलेख मेन्टनेंस खसरा में दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि पर त्रुटिपूर्ण वर्तमान नजूल अभिलेख में बलीभाई पिता रमेशचंद्र धर का नाम पांचवे सहखातेदार के रूप में दर्ज किया गया है। त्रुटिपूर्ण नाम विलोपित किये जाने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-113, 115 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/ दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/09/2025 तक इस न्यायालय में आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी जगदलपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 260/अ-6/2024-2025

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शशि किरण दुबे पति अवधेश चंद्र दुबे निवासी आमागुड़ा पटेलपारा नगरनार जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. द्वारा शहर जगदलपुर के मोहल्ला डोकरीघाटपारा स्थित शीट नं.- 75 प्लॉट नं. 76/1 क्षेत्रफल 13701 वर्गफीट, भू-भाटक 144. 51 रूपये की भूमि खातेदार रमेश कुमार पिता बालाप्रसाद दुबे एवं अन्य 05 सहखातेदार के नाम पर नजूल मेन्टनेंस खसरा में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार अवधेश पिता बालाप्रसाद की मृत्यु दिनांक 00.10. 2020 को हो चुकी है। आवेदिका द्वारा मृतक खातेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसों का नाम दर्ज किये जाने नामान्तरण हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/ दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/09/2025 तक इस न्यायालय में आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी जगदलपुर

**न्यायालय तहसीलदार, भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/क/तह./जन्म-मृत्यु/2025 भानपुरी दिनांक 20/08/2025

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निलेश्वर कुमार पिता स्व. झिटकुराम जाति गोंड निवास ग्राम भानपुरी तहसील भानपुरी के द्वारा अपने पिता स्वर्गीय झिटकुराम की मृत्यु दिनांक 13/03/2021 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 03/09/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — तहसीलदार भानपुरी

## खबर संक्षेप

### जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प



**जगदलपुर।** शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में किशोरियों को महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इनमें स्वास्थ्य, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। जिसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीकों और आपातकालीन स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया, जो इस पहल को एक महत्वपूर्ण सामाजिक उद्देश्य प्रदान करता है। यह कार्यक्रम यह दशार्ता है कि राज्य सरकार रजत जयंती वर्ष का उपयोग केवल उत्सव के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी कर रही है।

### गणेशोत्सव के लिए हुई शांति समिति की बैठक

**कांकेर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में गणेश समिति के सदस्यों एवं आयोजकों का शांति समिति का बैठक लिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों को पूर्ण सुरक्षा एवं शासन प्रशासन द्वारा तथा न्यायालयों द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से गणेश उत्सव मनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पूरे त्यौहार के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए के लिए समझाईस दी गई।

### गड्ढे में गिरने से बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत 68 वर्षीय राजू कोर्राम का मौत नर्सरी की ओर गढ्डा में गिर जाने से 26 अगस्त को हो गया। बरकई निवासी देवचंद मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति सही नही था। काफी बुजुर्ग था व शौच करने के लिए नर्सरी की ओर गया था। वापस आते समय गढ्डा में गिर गया व पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई।

### फांसी के फंदे में लटका मिला महिला का शव, जांच शुरू

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 26 वर्षीय नेलेश्वरी वट्टी ने खेत लाड़ी की ओर गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। साल्हेभाट निवासी देवेंद्र वट्टी ने पुलिस को बताया कि मृतिका 27 अगस्त को रात का खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए गई थी। अगले दिन सुबह मै खेत की ओर मशीन चालू करने के लिए गया तो देखा कि मृतिका ने खेत लाड़ी में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो चुकी थी।

# तत्काल मुआवजा प्रदान करे प्रशासन : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने मांदर के प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकतार्ओं के दल ने आज बाढ़ में क्षतिग्रस्त क्षेत्र मांदर का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ पीड़ति परिवार सहित ग्रामीणों से मुलाकात कर हाल जाना । उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव को लेकर देर होने से काफी नुकसान हुआ है । उन्होंने कहा कि प्रशासन राहत कार्यों के साथ तुरंत पीड़ति परिवारों को मुआवजा प्रदान करें एवं जल्दी ही उनके पुनर्वास एवं मुख्य धारा से जोड़ने सकारात्मक पहल करें। इस दौरान चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष गौतम दास, कोषाध्यक्ष भूमित बघेल, कार्यकारिणी अध्यक्ष मुन्ना कश्यप, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रिया यादव, जिला युवा अध्यक्ष हिमांशु आनंद, फुटकर व्यापारी संघ उपाध्यक्ष पूर्णिमा मंडल, शहर मंडल महासचिव सुरेश नाग शामिल रहे।

# प्रभावित परिवार तक राहत सामग्री पहुंचे : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत किए गए कार्यों की प्रभारी कलेक्टर ने की समीक्षा

बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों की समीक्षा सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कलेक्टर प्रतीक जैन ने की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों, राहत शिविरों की व्यवस्था, खाद्यान्न वितरण, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्युत व्यवस्था तथा आवागमन बहाली की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के लिए अतिरिक्त बजट का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र दें। सभी प्रकार की क्षति के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता प्रदान किया जाए । प्रत्येक प्रभावित परिवार तक समय पर राहत सामग्री पहुंचे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा । स्वास्थ्य विभाग को तत्काल मेडिकल टीम तैनात करने, पीएचई विभाग को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, राजस्व विभाग को नुकसान का आंकलन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा पुलिस एवं एसडीआरएफ को लगातार निगरानी और रेस्क्यू कार्य के लिए सतर्क रखने के निर्देश दिए गए।

## ग्रामीणों ने कहा शासन-प्रशासन से मिल रही हर संभव मदद

# मांदर में जिंदगी पटरी पर लौट रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले में विगत सोमवार एवं मंगलवार को हुई अतिवृष्टि से लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के मांदर में आयी बाढ़ के बाद अब जिंदगी धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है।

- पांच राहत शिविरों में 250 से ज्यादा प्रभावितों को नाश्ता-चाय एवं भोजन की उपलब्धता सहित दी जा रही चिकित्सा सेवाएं

भारी बारिश और नदी-नाले में आए उफान के कारण हुए नुकसान के बाद अब पानी पूरी तरह उतर चुका है और लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। साथ ही जनजीवन सामान्य होने लगा है और यहां के ग्रामीणों ने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद दी जा रही है। ग्रामीणों ने अब मांदर नाले के किनारे से बसाहट को अन्यत्र हटाकर बसाने के लिए एकजुट होकर विचार करने का निर्णय लिया है। जिला प्रशासन द्वारा मांदर में पांच अलग-अलग राहत शिविरों में 250 से ज्यादा प्रभावितों को नाश्ता-चाय एवं भोजन की उपलब्धता सहित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। इन ग्रामीणों को नाश्ता-चाय एवं भोजन के लिए राशन एवं अन्य जरूरी सामग्री दी जा रही है, जिससे प्रभावित ग्रामीण स्वयं नाश्ता एवं भोजन तैयार कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा गांव के सभी परिवारों को आवश्यकता के अनुरूप कम्बल, चादर और साड़ी, लुंगी-बनियान और बच्चों के कपड़े प्रदान किया गया है। शासन-प्रशासन इन बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास एवं अन्य सहायता के लिए पूरी मुस्तैदी से जुटा है। वहीं कई गैर-सरकारी संगठनों के द्वारा राहत और पुनर्वास कार्य में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

स्थानीय प्रभावित ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत सेवाओं के प्रति संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि सहायता और राहत कार्यों पर अब ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। ग्रामीणों को मकान बनाने के लिए सहायता प्रदान करने सहित आवश्यक बांस-बल्ली उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत लाइन का सुधार किया गया है। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा अब तक गांव के आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त मकानों के 14 प्रभावितों को 91 हजार रूपए तथा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त 4 मकानों के पीड़ितों को 4 लाख 80 हजार रूपए आर्थिक सहायता प्रदान किया गया है। वहीं प्रभावितों को मकान निर्माण एवं मरम्मत के लिए वन विभाग के माध्यम से बांस एवं बल्ली उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही सर्वेक्षण के आधार पर प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। साथ ही मांदर एवं पारापुर के प्रभावितों के लिए 60 क्विंटल चांवल उचित मूल्य दुकान में भंडारित किया गया है।





### राहत शिविर में सभी व्यवस्था पर ग्रामीणों ने जताई संतुष्टि

रैनु पटेल ने बताया कि राहत शिविर में समय पर भोजन और रहने की जगह मिली है। यहां सभी व्यवस्था पर्याप्त है, सभी के लिए राशन सुलभ कराया जा रहा है और भोजन हम खुद बना रहे हैं। चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ उपचार भी किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को प्राथमिकता दी जा रही है। रैनु ने बताया कि तीन सदस्यीय परिवार के लिए कम्बल, चादर, लुंगी-बनियान सहित बच्चों को कपड़े दिए गए हैं। इस दौरान झुमुकलाल पटेल ने बताया कि उसका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और ढाई एकड़ धान के खेत में से आधा एकड़ धान बाढ़ के रेत से पट गया है। उसने राहत शिविर की व्यवस्था को पर्याप्त निरूपित करते हुए आवश्यक कपड़े देने की बात कही। वहीं सुखराम पोयामी ने मकान को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए राहत शिविर में भोजन एवं अन्य व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जताई।

# महिला से जंगल में अनाचार करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर थाना क्षेत्र के फरसागुड़ा मावलीपदर की महिला से जंगल में अनाचार करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- पति के मौत के बाद मायके में रह रही थी महिला, आरोपी ने पहचान बढ़ाकर किया अनाचार

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। बस्तर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार जांगडे द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पिड़िता ने 28 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वर्ष 2018 में उसकी शादी बकावण्ड निवासी मंगलसाय के साथ हुआ था वर्ष 2023 में इसका पति मंगलसाय का मृत्यु होने पर अपनी मायके ग्राम फरसागुड़ा मावलीगुड़ा जोंदरी पारा में आकर रह रही थी। इसी दौरान आरोपी पीलूराम उर्फ पीलेमन कश्यप पिता पतिराम कश्यप 31 वर्ष निवासी टिकराधनोरा स्कूलपारा थाना बडांजी हाल निवास चिउंरगांव पुजारीपारा थाना करपावण्ड से उसकी जान पहचान हुआ दोनों मोबाईल में बातचीत करते थे। इसी दौरान 15 दिसम्बर को आरोपी पीलूराम उर्फ पीलेमन कश्यप के द्वारा पीड़िता को भेलवापदर जंगल बस्तर में बुलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। इसके बाद 8 अगस्त को उसने एक बच्ची को जन्म दी है। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। टीम द्वारा मामले में फरार आरोपी पीलूराम उर्फ पीलेमन कश्यप को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार जांगड़े के अलावा एसआई अरूण कुमार सिन्हा, सहा. दुशिला भारद्वाज, प्रधान आरक्षक ढोलूराम बघेल, महिला आरक्षक श्यामा ठाकुर व डीएसएफ आरक्षक निरंजन वैध की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# युवाओं को समझाया गया नशा से होता है शरीर खराब




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

डोगाम ग्राम पंचायत-जाटम में ग्रामीणों को विशेषकर युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से वेटनरी पॉलिटेक्निक द्वारा अंगीकृत गोद ग्राम डोगाम में नशामुक्त भारत अभियान पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत वेटनरी पॉलिटेक्निक के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गांव के विभिन्न वार्डो में जाकर ग्रामीणों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया । डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक, वेटनरी पॉलिटेक्निक ने ग्रामीणों को समझाया की नशामुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य एक स्वस्थ और नशामुक्त समाज का निर्माण करना है, जिसमें मादक द्रव्यों तथा नशीले पदार्थों के सेवन की रोकथाम, उपचार और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाकर सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देना

- डोगाम में नशामुक्त भारत अभियान पर निकली जागरूकता रैली

हैं। इसके तहत नशे के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करना, व्यसनी लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना और उनके पुनर्वास के लिए सामुदायिक प्रयास करना शामिल है। मादक पदार्थों के उपयोग से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं होती हैं। जिनमें शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे लिवर की बीमारी, हृदय रोग और मस्तिष्क को क्षति, रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होना, मानसिक रूप से अवसाद और चिंता जैसी मानसिक विकृतियां, आर्थिक बबार्दी, रिश्तों में तनाव और सामाजिक संबंधों में गिरावट शामिल हैं ।

# विद्युत टॉवर नहीं हटने से खड़कघाट पुल का निर्माण अधर में



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण की ओर से शहर के खड़कघाट स्थित पुराने पुल के पास नया पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें विद्युत लाईन शिफ्टिंग करने के लिए सेतु निर्माण ने दो वर्ष पूर्व डिमांडनोट का भुगतान विद्युत कंपनी को दिया, पर इसमें से लाईन को शिफ्टिंग किया गया है पर विद्युत टॉवर एवं लाईन का उस स्थान से शिफ्टिंग नहीं किया गया। इसके चलते पुल का निर्माण कार्य अधर में है। पुल निर्माण कार्य में वन विभाग ने 41 पेड़ों की कटाई कर चुका है, विद्युत टॉवर अभी शिफ्टिंग नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि शहर के लोग इस नए पुल के निर्माण से लोग वाहन दौड़ाते हुए एनएच तक पहुंच पाएंगे। नियमित ट्रैफिक की उलझन ने ऐसे वाहन चालकों को जूझना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा कोहकापाल, मुक्तिधाम, प्रवीर-विजय वार्ड को इस सड़क से जोड़ने वाली पुरानी सड़कों के लिए 1100 मीटर लंबा सर्विस रोड तैयार की जा रही है।

### शिफ्टिंग पर हो रही चर्चा

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग के एसडीओ संतोष दास ने इस संबंध में कहा कि विद्युत टॉवर को शिफ्टिंग करने पर विद्युत कंपनी के अधिकारी से चर्चा कर रहे हैं। शिफ्टिंग होने से पुल का निर्माण कार्य आगे बढ़ेगा।

# मैं हूं मिसाइल मैन तथा इसरो की भविष्य की योजनाएं विषयों पर विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बड़ेमुरमा में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। चंद्रयान-3 की उपलब्धि की स्मृति में कार्यक्रम चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक उपलब्धि, अर्थात चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल अवतरण की स्मृति में आयोजित किया गया। यह उल्लेखनीय है कि इस असाधारण उपलब्धि को हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश है।

- बड़े मूरमा हायर सेकंडरी स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान गीत से हुई। विज्ञान क्लब अध्यक्ष देवकी नाग ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा अंतरिक्ष दिवस मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्रों ने क्रमशः मैं हूं इसरो, आर्यभट्ट का योगदान,चंद्रयान की सफलता की कहानी, मैं हूं मिसाइल मैन तथा इसरो की भविष्य की योजनाएं" विषयों पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों द्वारा थीम के अनुसार 20 से अधिक मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शित किए गए,जिनमें आर्यभट्ट से लेकर गगनयान तक की अंतरिक्ष यात्रा को दर्शाया गया।



### डॉ.कलाम की जीवनी से प्रेरणादायक वक्तव्य

कार्यक्रम में व्याख्याता समीर नाग ने छात्रों को "मिसाइल मैन" डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी से प्रेरित करते हुए मेहनत और लगन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं व्याख्याता डी.के. देवांगन ने भी बच्चों को उत्साह और नवाचार की ओर प्रेरित किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम की सफलता पर शुभकामनाएं दी एवं बच्चों के लिए इस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उद्धेश्य के बारे में जानकारी दी। बड़े मुरमा स्कूल लगातार विज्ञान की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि जागृत और उन्हें प्रेरित करने के लिए करता आ रहा है। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान प्रभारी मनीष कुमार अहीर कुमार ने किया तथा अंत में साक्षी कश्यप ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जैवविविधता व मानव-वन्यप्राणी पर व्याख्यान...





**जगदलपुर।** वन वृत्त जगदलपुर एवं बस्तर वन मंडल द्वारा शहर के वन विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित वन क्षेत्रों के बाहर जैवविविधता एवं मानव-वन्यप्राणी द्वन्द पर व्याख्यान भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त आरपी सिंह ने किया। इस अवसर पर सीसीएफ आरसी दुग्गा, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, शमा फारूकी, एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे आदि शामिल रहे।

# कुंडगुड़ा मधोता 2 ने हेमबती मौर्य के परिवार की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/बस्तर



बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत मधोता 2 कुंडगुड़ा ने हेमबती मौर्य के परिवार की मदद के लिए एक सराहनीय पहल की है। ग्राम पंचायत ने एक हजार रुपये नगद और पचास किलो चावल देकर परिवार की मदद की है। हेमबती मौर्य के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा था ग्राम पंचायत के मदद से उनके राशन पानी एवं अस्थाई रूप से रहने की व्यस्था की गई है जिससे हेमबती के परिवार को बड़ी राहत मिली है।

- पंचायत की मदद से राशन एवं अस्थाई रूप से रहने की व्यवस्था की गई

सरपंच ईस्पर मंडावी ने कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य है कि कोई भी परिवार मुश्किल समय में अकेला न छोड़ा जाए। उन्होंने हल्का पटवारी से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि दिलाएं। वार्ड पंच गोमती ठाकुर ने भी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत हमेशा अपने नागरिकों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि जब तक हेमबती का मकान नहीं बन जाता है, तब तक परिवार को दूसरे के घर में अस्थाई रूप से रहने की व्यवस्था की गई है।

सरपंच ईस्पर मंडावी ने कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य है कि हेमबती मौर्य का परिवार जल्द से जल्द अपने नए मकान में रहने लगे और उनके जीवन में स्थिरता आ जाए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, जगरू कश्यप, मनोज कुमार ठाकुर, मंगल मंडावी, नंदो ठाकुर, राजुराम पोयाम और हेमबती मौर्य के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411